भुगतान-शेष की स्थिति

323. **श्री राम जेठमलानी :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत वित्तीय वर्ष के अंत में भारत के विदेशी व्यापार से संबंधित प्राप्तियों और भुगतानों में काफी अंतर था ;

(ख) यदि हां, तो मार्च, 1989 के अंत में कितना अंतर था ;

(ग) क्या यह भी सच है कि पूर्ववर्ती वर्षों की तुलना में पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान आयातों और साथ ही निर्यातों में भी वृद्धि हुई है ; और

(घ) यदि हां, तो वर्ष 1987-88 की तुलना में पिछले वित्त वर्ष के दौरान आयात और निर्यात में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है ?

वित्त मंत्रालय में व्यय विभाग में राज्य मंत्री (श्री बी०के० गढ़वी) : (क) और (ख) चूंकि पूर्ण भुगतान शेष आंकड़े केवल 1987-88 तक के संपूर्ण वित्तीय वर्ष के संबंध में उपलब्ध हैं, इसलिए 1988-89 में भारत के विदेशी व्यापार से संबंधित प्राप्तियों और भुगतानों का विश्लेषण करना संभव नहीं है ।

(ग) और (घ) डी० जी० सी० आई० एस० द्वारा जारी किए गए निर्यात और आयात संबंधी अनन्तिम आंकड़े निम्नानुसार हैं :—

(रुपए करोड़ों में)

	1987-88	1988-89	प्रतिशत वृद्धि
निर्यात	15741	20281	28.8
आयात	22399	27693	23.6

महिलाओं पर अत्याचार में वृद्धि

324. **श्री राम जेठमलानी :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1986 से 1988 की अवधि के दौरान महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं, जैसे बलात्कार, छेड़खानी, अपहरण और दहेज के कारण जलाए जाने आदि में वृद्धि हुई है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए कोई नए उपाय करने का विचार कर रही है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम्) : (क) वर्ष 1986, 1987 और 1988 के दौरान महिलाओं के विरुद्ध किये गये अपराध की घटनाओं का एक विवरण संलग्न है ।

(ख) और (ग) अपराधों के पंजीकरण, छानबीन, खोज और निवारण की जिम्मेदारी राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों की है । वे मामलों को दर्ज करने, उनकी छानबीन करने और उनको न्यायालयों में दायर करने की कार्यवाही करते हैं । इस श्रेणी के अपराधों को रोकने का कार्य भी उनके क्षेत्राधिकार में आता है ।